# केन्द्रीय विद्यालय संगठन-हैदराबाद संभाग

## वार्षिक परीक्षा-(2020-21)

कक्षा-छठवी पूर्णांक-40

विषय-हिन्दी समय-90 मिनट

-  निर्देश: इस प्रश्न पत्र मे दो खंड है क और ख |
-  सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
-  यथासंभव प्रयेक खंड के उत्तर क्रमाश: दीजिए |
-  लेखन की शुद्धता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए |

(खंड – क)

I ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1×5=5)

उनमें हर प्रकार का काम करने की अद्भुत क्षमता और शक्ति थी ।वह थकान का नाम भी नहीं जानते थे । दक्षिण अफ्रीका में बोअर-युद्ध के दौरान उन्होंने घायलों को स्ट्रेचर पर लादकर एक-एक दिन में पच्चीस-पच्चीस मील तक ढोया ।वह मीलों पैदल चल सकते थे । दक्षिण अफ्रीका में जब वे टालस्टॉय बाड़ी में रहते थे ,तब पास के शहर में कोई काम होने पर दिन में अकसर बयालीस मील तक पैदल चलते थे ।

1) गांधी जी में किस प्रकार की क्षमता थी ?

क ) सभी प्रकार के काम करने की ।

ख) दूसरों की भरपूर सेवा करने की ।

ग) अत्यधिक पैदल चलने की ।

घ ) उपर्युक्त सभी

2) 'बोअर -युद्ध कहां हुआ?

क ) दक्षिण अफ्रीका

ख ) अमेरिका

ग) पूर्वी अफ्रीका

घ ) ब्रिटेन

3) घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने हेतु गांधी जी कितने मील तक स्ट्रेचर खींचते हुए पैदल चलते थे ?

क) पच्चीस

ख) पच्चास

ग) बीस

घ) पंद्रह

4) गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में कहां रहते थे?

क) टालस्टॉय बाड़ी

ख) छोटी बाड़ी

ग) बड़ी बाड़ी

घ) काली बाड़ी

5) गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

क) लोकगीत

ख) संसार पुस्तक है

ग) जो देखकर भी नहीं देखते

घ) नौकर

II ) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1×5=5)

पुर में निकासी रघुबीर -बधू , धरि धीर दे मग में डग द्वै ।
झलकीं भरि भाल करनी जल की , पुट सूखि गए मधुराधर वै ।
फिरि बूझति हैं ," चलो अब केतिक ,पर्नकुटी करिहौं कित ह्वै?"
तिय की लखि आतुरता पिय की अंखियां अति चारु जल च्वै ।

1) प्रस्तुत सवैया किसके द्वारा रचित है?

क) कबीर

ख) सूरदास

ग) तुलसीदास

घ) मीराबाई

2) पुर से निकलते ही सीता जी की क्या दशा हो गई?

क) सीता जी राम के साथ जाने में ख़ुश थी?

ख) उन्हें घर-परिवार की याद आने लगी ।

ग) वह थक गई और उनके माथे से पसीने की बूंदें झलकने लगी।

घ) वह राम से वापस जाने का आग्रह करने लगी ।

3) सीता ने राम से क्या पूछा ?

क)हम घर कब जाएंगे?

ख) मेरे माता-पिता के घर चलने में आपको आपत्ति क्यों है?

ग) कितना और चलना है? पर्णकुटी कहां बनाइएगा?

घ) क्या चौदह वर्ष का वनवास सह लोगे?

4) प्रियतम की आंखों से आंसू क्यों बहने लगे?

क) क्यों कि वे चलकर थक चुके थे?

ख) क्यों कि पत्नी की दुर्दशा सहन नहीं कर पाए?

ग) क्यों कि उन्हें अपने माता-पिता की याद आ गई?

घ) क्यों कि लक्ष्मण ने वापस जाने का निर्णय ले लिया?

5)'मग' शब्द का अर्थ इनमें से कौन सा शब्द नहीं है?

क) मार्ग ख) पथ ग) पथिक घ) राह

III) नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2×5=10)

क) वीर महिला की इस कहानी में कौन-कौन से पुरुषों के नाम आए हैं ,उन्हें लिखिए ।

ख) प्रकृति का जादू किसे कहा गया है?

ग) लाखों करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी?

घ) कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है?

च) हमारे यहां स्त्रियों के ख़ास गीत कौन-कौन से हैं?

छ) सुभद्रा कुमारी चौहान जी ने लक्ष्मी बाई को मर्दानी क्यों कहा है?

ज) हेलन केलर प्रकृति की किन चीज़ों को छूकर और सुनकर पहचान लेती थी?

## (खंड – ख)

IV) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए। (1×10=10)

1)'पथरीला'शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय क्या है?

क) लीला ख) रीला ग) ईला घ) ला

2) इनमें से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है ?

क) क्रोध ख) फुर्ती ग) अहसास घ) दौड़ना

3) इनमें से कौन सा पदार्थ सख्त होता है?

क) तेल ख) लकड़ी ग) रूई घ) घी

4) इस वर्ष फसल अच्छी नहीं हुई है ----अनाज मंहगा है।इस वाक्य में रिक्त स्थान पर कौन सा शब्द होगा।

क) यदि ख) परंतु ग) इसलिए घ) बल्कि

5)' गृह ' शब्द का पर्याय वाची शब्द क्या नहीं होगा ?

क) आवास ख) घर ग) पृथ्वी घ) मकान

6) ' निर्भय ' शब्द का विलोम शब्द क्या है?

क) डरपोक ख) कायर ग) भय घ) भीरु

7) ' रोशनी ' शब्द का लिंग बताइए ।

क) पुल्लिंग ख) नपुंसक लिंग ख) स्त्री लिंग घ) इनमें से कोई नहीं।

8) ' छमाही 'शब्द में प्रयुक्त संख्या वाची शब्द क्या है?

क) सात ख) माह ग) छह घ) छमा

9) "बाउल" और "भतियाली" लोकगीत किस प्रांत में गाए जाने वाले लोकगीत हैं?

क) पंजाब ख) उड़ीसा ग) आंध्र प्रदेश घ) बंगाल

10) ' शांति ' शब्द में प्रयुक्त विशेषण शब्द क्या है?

क) शांत ख) निशांत ख) शोर घ) इनमें से कोई नहीं

V) परीक्षा में प्रथम आने पर मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए। (1×5=5)

( अथवा)

"स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत" विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।

VI) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×5 =5)

1) राम ने मायावी मृग पर निशाना क्यों साधा?

2) सुग्रीव ऋष्यमूक पर्वत पर क्यों रह रहे थे?

3) लंका में हनुमान ने उत्पात क्यों मचाया?

4) विभीषण ने रावण को क्या समझाने का प्रयत्न किया ?

5) सीता ने अपने गले का हार किसे दिया और क्यों?

6) मेघनाद की क्या विशेषता थी?

----------------------×---------------------

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन-हैदराबाद संभाग

## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (सत्रांत परीक्षा)--2021-22

कक्षा-छठवी पूर्णांक–40

विषय-हिन्दी समय---2 घंटे

**उत्तर--संकेत बिन्दु**

नोट :-यहाँ उत्तर संकेत मात्र दिए गए हैं। अन्य मिलते-जुलते उत्तरों को भी स्वीकार करें और पूरा सही होने पर पूरे अंक प्रदान करें ।

| **प्रश्न संख्या** | **उत्तर** | **अंक** | **कुल अंक** |
|---|---|---|---|
| I | पठित गद्यांश<br>1 घ ) – उपर्युक्त सभी<br>2. क ) – दक्षिण अफ्रीका<br>3. क ) - पच्चीस।<br>4. क ) --टालस्टाय बाड़ी।<br>5. घ ) -- नौकर। | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 | **5** |
| II | पठित पद्यांश<br>1, ख ) -- तुलसीदास<br>2. ग )-- वह थक गई थी और उनके माथे से पसीने की बूंदें झलकने लगी।<br>3. ग ) - कितना और चलना है? पर्णकुटी कहाँ बनाइएगा?<br>4, ख) -- पथिक<br>5) ग) -क्योंकि पत्नी की दुर्दशा सहन नहीं कर पाए । | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 | **5** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| III | प्रश्नोत्तर (वसंत) । **किन्ही पाँच**<br>क ) वीर शिवाजी,नाना धुंधूपंत, तांतियां टोपे , अज़ीमुल्ला ,अहमद शाह अब्दाली, ठाकुर कुंवर सिंह , सैनिक अभिराम इत्यादि।<br>ख ) हमारी धरती बहुत ही गरम थी और उस पर कोई भी जानदार चीज़ नहीं थी ।<br>ग ) भोजपत्र की चिकनी छाल ,चीड़ की खुरदरी छाल , कलियों का खिलना , फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह इत्यादि।<br>घ ) छोटे बच्चे का माँ अत्यधिक ध्यान रखती है और सबसे छोटे को मां का प्यार अत्यधिक मिलता है ।<br>च ) त्योहारों पर नदियों में नहाते समय के , नहाने के लिए जाते हुए राह में गाए जाने वाले , विवाह के , मटकोड़ के , ज्योनार के तथा जन्म आदि अवसरों पर गाए जाने वाले लोकगीत हैं।<br>छ ) पेड़ों की छाल , फूलों की पंखुड़ियों , मखमली घास को छूकर और चिड़ियों की चहचहाट तथा झरनों की कल - कल ध्वनि को सुनकर पहचान लेती थी।<br>ज ) हेलन केलर भोजपत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड की खुरदरी छाल ,फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह और उनकी घुमावदार बनावट तथा चिड़िया के मधुर स्वर को सुनकर पहचान लेती थी । | 2<br>2<br>2<br>2<br>2 | **10** |
| IV | \|V ) व्यवहारिक व्याकरण<br>1. - ग ) -ईला<br>2. - घ ) दौड़ना<br>3.- ख) -लकड़ी<br>4. - ख-) इसलिए<br>5. - ग) पृथ्वी<br>6. - ग) भय<br>7. - ग ) स्त्रीलिग<br>8. - ग ) छह<br>9. - घ) -बंगाल | 1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 | **10** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 10. - क--शांत | | |
| V | पत्र लेखन -- विषय ,भाषा ,संबोधन और समापन हेतु अंक प्रदान करें।<br>( अथवा )<br>अनुच्छेद लेखन --विषय वस्तु ,शब्द रचना और शुद्ध लेखन हेतु अंक प्रदान करें । | 5 | **5** |
| VI | **प्रश्नोत्तर ( बाल राम कथा ) किन्ही पाँच**<br>1.राम उसे जीवित नहीं पकड़ पाए इसलिए उन्होंने उस पर बाण से निशाना साधा ।<br>2. बालि से अपनी जान बचाने के लिए।<br>3. रावण से मिलना चाहते थे ।<br>4. राम से युद्ध करना उचित नहीं है सीता जी को उन्हें लौटा दीजिए ।<br>5. हनुमान को दिया क्योंकि वे राम के परम भक्त थे।<br>6. वह अत्यंत पराक्रमी योद्धा था और बादलों में छिपकर युद्ध करता था । | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 | **5** |